भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 293

गुरूवार, 03 फरवरी, 2022/14 माघ, 1943

ई-श्रम पोर्टल पर स्नातक डिग्री वाले कामगार

293. श्री राम नाथ ठाकुर

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान देश में ई-श्रम पोर्टल पर कितने कामगारों का पंजीकरण हुआ है;

(ख) उनमें से कितने कामगारों के पास स्नातक अथवा उच्चतर शिक्षा की डिग्री है; और

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त पंजीकृत कामगारों को प्रदान किए गए रोजगार का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ग): दिनांक 26.08.2021 को श्रम और रोजगार मंत्रालय ने ईश्रम पोर्टल आरंभ किया है जो असंगठित कामगारों का एक राष्ट्रीय डेटाबेस है। दिनांक 30.01.2022 की स्थिति के अनुसार, 24.54 करोड़ से अधिक असंगठित कामगार ईश्रम पोर्टल पर पंजीकृत किए गए हैं। स्नातक अथवा उच्चतर शिक्षा की डिग्री रखने की घोषणा करने वाले कामगारों की संख्या 2,00,88,063 है।

******